Publication : Navbharat
Edition : Raipur / Mumbai
Date : 24.12.2021

ग्लोबल एग्जिबिशन समिट अगले माह

मुंबई. भारत के एग्जिबिशन और कॉन्फ्रेंस आयोजकों की शीर्ष संस्था काउंसिल ऑफ इंडियन एग्जिबिशन ऑर्गेनाइजर्स एग्जिबिशन इंडस्ट्री की पहली ग्लोबल समिट 2022 का आयोजन 25 और 26 जनवरी, 2022 को दुबई में करेगी. 'एक्सपो-2020 दुबई' में इंडिया पैवेलियन में होने वाली इस समिट का उद्देश्य भारतीय एग्जिबिशन इंडस्ट्री को वैश्विक नक्शे पर लाना है. साथ ही क्षमता, गुणवत्ता और सेवाओं की विविधता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश करना और व्यापार के अवसर तलाशना है. ग्लोबल समिट 2022 की मेजबानी शीर्ष उद्योग संगठन 'फिक्की' द्वारा 24 से 29 जनवरी तक निर्धारित एमएसएमई सप्ताह के साथ की जाएगी. समिट के दौरान 'आजादी का अमृत महोत्सव' भी मनाया जाएगा.